Daily Current Affairs 27 July 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 26 जुलाई को देशभर में मनाया गया कारगिल विजय दिवस
• देश में 26 जुलाई, 2022 को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। 26 जुलाई, 1999 को कारगिल युद्ध (Kargil War) में विजय हासिल करने के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष कारगिल विजय दिवस (Kargil Vijay Diwas) मनाया जाता है।
• इस वर्ष कारगिल विजय दिवस की 23वीं वर्षगाँठ है। कारगिल युद्ध को ऑपरेशन विजय के नाम से भी जाना जाता है। वर्ष 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच मई से जुलाई के बीच कश्मीर के कारगिल क्षेत्र में हुए सशस्त्र संघर्ष को ही कारगिल युद्ध कहा जाता है। यह लगभग 60 दिनों तक चला तथा 26 जुलाई, 1999 को समाप्त हुआ था।

2. आंध्र प्रदेश सरकार शुरू करेगी फैमिली डॉक्टर प्रोजेक्ट
• आंध्र प्रदेश सरकार ने विशाखापत्तनम ज़िले के पद्मनाभम मंडल में पायलट आधार पर 'फैमिली डॉक्टर प्रोजेक्ट' लागू करने का निर्णय लिया है। इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण आबादी के बीच स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाना है।
• यह परियोजना 15 अगस्त, 2022 से लागू होगी। 'फैमिली डॉक्टर प्रोजेक्ट' के अंतर्गत वार्ड और ग्राम सचिवालयम में लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) के एक डॉक्टर को उपलब्ध कराया जाएगा।

3. भारतीय रेलवे ने जीती 69वीं पुरुष सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप 2022
• 21 से 24 जुलाई, 2022 तक 69वीं पुरुष सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप 2022 का आयोजन हरियाणा के चरखी दादरी में किया गया। इसके फाइनल में भारतीय रेलवे ने महाराष्ट्र पर जीत हासिल कर लगातार चौथा सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप ख़िताब अपने नाम किया है।
• फाइनल मैच में पवन कुमार सेहरावत के प्रदर्शन ने भारतीय रेलवे को यह शानदार जीत दिलाने में मदद की। सहरावत फाइनल में नौ अंकों के साथ शीर्ष स्कोरर रहे।

4. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 जुलाई को गुजरात में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के मुख्यालय भवन की आधारशिला रखेंगे
• 29 जुलाई, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFACA) के मुख्यालय भवन की आधारशिला रखेंगे। यह प्राधिकरण भारत में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्रों में वित्तीय उत्पादों, वित्तीय सेवाओं और वित्तीय संस्थानों के विकास एवं विनियमन के लिये एकीकृत नियामक है।
• इस प्राधिकरण के मुख्यालय भवन को एक प्रतिष्ठित संरचना के रूप में परिकल्पित किया गया है, जो एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय केंद्र के रूप में गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक की बढ़ती प्रतिष्ठा और

संरचना को दर्शाता है। प्रधानमंत्री गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक- अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र में भारत के पहले अंतर्राष्ट्रीय बुलियन एक्सचेंज यानी भारत इंटरनेशनल बुलियन का भी शुभारंभ करेंगे।

5. इंदरमीत गिल बने विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री
• जुलाई, 2022 में विश्व बैंक ने भारतीय नागरिक इंदरमीत गिल को मुख्य अर्थशास्त्री (Chief Economist) नियुक्त किया है। इस पद के लिए गिल ने कारमेन रेनहार्ट का स्थान लिया है। भारतीय नागरिक गिल इस पद पर नियुक्त होने वाले दूसरे भारतीय हैं। इनसे पूर्व कौशिक बसु साल 2012 से 2016 तक इस पद पर रह चुके हैं।
• ग़ौरतलब है कि इस पद पर गिल की नियुक्ति 1 सितंबर, 2022 से प्रभावी होगी। गिल को चीफ इक्नॉमिस्ट के साथ-साथ डेवलपमेंट इक्नॉमिक्स का सीनियर वाइस प्रेजिडेंट बनाया गया है। वर्तमान में गिल वर्ल्ड बैंक में इडिटेबल ग्रोथ, फाइनेंस और इंस्टीट्यूशंस के बाइस प्रेजिडेंट हैं।

6. भारत ने 5 नए रामसर स्थलों को किया नामित
• जुलाई, 2022 में भारत ने अंतरराष्ट्रीय महत्व के 5 नए आर्द्रभूमि स्थल नामित किए हैं। इसमें तमिलनाडु में तीन आर्द्रभूमि स्थल (करीकिली पक्षी अभयारण्य, पल्लिकरनई मार्श रिजर्व फॉरेस्ट और पिचवरम मैंग्रोव), मिजोरम में पाला आर्द्रभूमि और मध्य प्रदेश में साख्य सागर आर्द्रभूमि स्थल शामिल हैं। इस प्रकार देश में रामसर स्थलों की कुल संख्या 49 से बढ़कर 54 हो गयी है।

7. नोएडा के गौतमबुद्धनगर में भारतीय विरासत संस्थान की स्थापना की जाएगी
• भारतीय विरासत और इसके संरक्षण से संबंधित क्षेत्रों में उच्च शिक्षा प्रदान करने और अनुसंधान के लिए जल्द ही एक डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में भारतीय विरासत संस्थान की स्थापना की जाएगी। संस्कृति और पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने हाल ही में लोकसभा में यह जानकारी दी।
• भारतीय विरासत संस्थान की स्थापना उत्तर प्रदेश के नोएडा, गौतमबुद्धनगर में की जाएगी। आपको बता दे कि केंद्रीय बजट 2020-21 में इस संस्थान को स्थापित करने की घोषणा हुई थी।यह संस्थान कला के इतिहास, संरक्षण, संग्रहालय विज्ञान, अभिलेखीय अध्ययन, पुरातत्व, निवारक संरक्षण जैसे विषयों में स्नातकोत्तर और शोध डिग्री प्रदान करेगा। भारतीय विरासत संस्थान पूरे सांस्कृतिक क्षेत्र में मानव संसाधन की जरूरतों को पूरा करने के लिए है।

8. अखिल भारतीय डाक भारोत्तोलन और पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता जयपुर में हुई शुरू
• 36वीं अखिल भारतीय डाक भारोत्तोलन और पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता 26 जुलाई, 2022 से जयपुर में शुरू हो गई है। इसका आयोजन राजस्थान डाक सर्किल जयपुर द्वारा किया जा रहा है और यह 29 जुलाई, 2022 तक चलेगी।
• राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने जयपुर में सवाई मान सिंह इंडोर स्टेडियम में इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया है। राजस्थान और अन्य सर्किलों के भारतीय डाक विभाग के करीब 160 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

9. सितंबर में आयोजित होगा दूसरा जम्मू फिल्म महोत्सव
• जम्मू फिल्म महोत्सव का दूसरा संस्करण 03 सितंबर, 2022 से आयोजित किया जाएगा। दो दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 15 देशों की 54 फिल्म प्रदर्शित की जाएंगी।

Daily Current Affairs 27 July 2022

• केंद्रशासित प्रदेश की शीतकालीन राजधानी जम्मू में पहला अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव सितंबर 2019 में आयोजित किया गया था। कोविड-19 की वजह से दो साल से इस महोत्सव का आयोजन नहीं हो पाया था। जम्मू फिल्म महोत्सव का आयोजन जम्मू-कश्मीर के एक प्रमुख सांस्कृतिक संगठन "वोमेध" द्वारा किया जा रहा है।

10. IIT कानपुर ने 'निर्माण' नामक कार्यक्रम की शुरुआत की

• आईआईटी कानपुर में स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर ने भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समर्थित "निर्माण" त्वरक कार्यक्रम शुरू किया है। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवा और कृषि डोमेन में लगे विनिर्माण स्टार्टअप पर ध्यान केंद्रित करेगा ताकि उन्हें अपने प्रोटोटाइप-टू-मार्केट यात्रा से चुनौतियों का सामना करने में मदद मिल सके।

• इसमें स्वास्थ्य सुरक्षा और कृषि क्षेत्र में कार्य कर रहे 15 स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाएगा। देश भर की स्टार्टअप कंपनियां पांच अगस्त तक आवेदन कर सकती हैं।निर्माण के तहत कुल 15 स्टार्टअप का चयन किया जाएगा।

• इसके बाद उन्हें प्रयोगशाला में उत्पाद विकसित करने से लेकर बाजार तक पहुंचाने तक मदद की जाएगी। यही नहीं, 15 स्टार्टअप्स के समूह में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले स्टार्टअप को 10 लाख रुपये तक का पुरस्कार भी दिया जाएगा।